संचिका संख्या–द0मा0सं0–30 / 2025 ....488

**बिहार सरकार**
**श्रम संसाधन विभाग**
**दशरथ माँझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना।**

प्रेषक,

प्रशासी पदाधिकारी,
दशरथ माँझी श्रम एवं
नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना।

सेवा में,

श्रीमती प्रियेश नन्दनी,
आई0टी0 मैनेजर
श्रम संसाधन विभाग।

पटना, दिनांक– 19.11.25

**विषय :–** **निविदा संख्या–द0मा0सं0–30 / 2025–02, दिनांक–19.11.2025 को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक कहना है कि निविदा संख्या–द0मा0सं0–30 / 2025–02, दिनांक–19.11.2025 के माध्यम से श्रम संसाधन विभाग अन्तर्गत मल्टी जिम (कुल–02) एवं ओपेन जिम (कुल–01) हेतु उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु दिनांक–15.12.2025 के अपराह्न 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की गयी है।

उपरोक्त के संबंध में उक्त निविदा की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराते हुए अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक:** यथोक्त।

विश्वासभाजन
19-11-2025
(राजेश कुमार)
प्रशासी पदाधिकारी,
दशरथ माँझी श्रम एवं
नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना।

# बिहार सरकार
## श्रम संसाधन विभाग
## दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना

निविदा संख्या– द०मा०सं०–30/2025– 02 दिनांक– 19.11.2025

## –: निविदा आमंत्रण सूचना :–

सरकार के संयुक्त सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–05/खे०उ० 5–01/2024, **449**, दिनांक–**29.08.2025** के आलोक में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत मल्टी जिम एवं ओपेन जिम का अधिष्ठापन श्रम संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन निम्नलिखित स्थलों पर किया जाना है :–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित स्थल | जिम का प्रकार |
|---|---|---|
| 1 | नियोजन भवन के परिसर में | मल्टी जिम |
| 2 | दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के परिसर में | मल्टी जिम |
| 3 | दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के परिसर में | ओपेन जिम |

उपरोक्त मल्टी जिम (कुल–02) एवं ओपेन जिम (कुल–01) हेतु उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निर्माता कंपनी/वितरकों से मुहरबंद निविदा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सचिव, श्रम संसाधन विभाग –सह– महानिदेशक, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, समनपुरा, बी०आ०टी० कैम्पस, पटना–800014 के पते पर **दिनांक–15.12.2025 के अप० 02:00 बजे तक** आमंत्रित किया जाता है।

निविदा संबंधी अधिक जानकारी हेतु प्रशासी पदाधिकारी, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना, मोबाइल सं0–9472257609 से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है अथवा विभाग के www.state.bihar.in/labour पर भी देखा जा सकता है।

निर्धारित अवधि तक प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को **दिनांक–15.12.2025 के अप० 03:00 बजे** सचिव, श्रम संसाधन विभाग –सह– महानिदेशक, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के कार्यालय कक्ष में निविदा मूल्यांकन समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

19/11/25

श्रमायुक्त, बिहार
–सह–
निदेशक,
दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन
अध्ययन संस्थान, पटना

# बिहार सरकार
## श्रम संसाधन विभाग
## दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना

निविदा संख्या– द०मा०सं०–30 / 2025–
02 दिनांक– 19.11.2025

## –: निविदा आमंत्रण सूचना :–

सरकार के संयुक्त सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–05 / खे०उ० 5–01 / 2024, **449**, दिनांक–**29.08.2025** के आलोक में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत मल्टी जिम एवं ओपेन जिम का अधिष्ठापन श्रम संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन निम्नलिखित स्थलों पर किया जाना है :–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित स्थल | जिम का प्रकार |
|---|---|---|
| 1 | नियोजन भवन के परिसर में | मल्टी जिम |
| 2 | दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के परिसर में | मल्टी जिम |
| 3 | दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के परिसर में | ओपेन जिम |

उपरोक्त मल्टी जिम (कुल–02) एवं ओपेन जिम (कुल–01) हेतु उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निर्माता कंपनी / वितरकों से मुहरबंद निविदा निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से सचिव, श्रम संसाधन विभाग –सह– महानिदेशक, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, समनपुरा, बी०आ०टी० कैंम्पस, पटना–800014 के पते पर **दिनांक–15.12.2025 के अप० 02:00 बजे तक** आमंत्रित किया जाता है।

निविदा संबंधी अधिक जानकारी हेतु प्रशासी पदाधिकारी, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना, मोबाइल सं0–9472257609 से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है अथवा विभाग के www.state.bihar.in/labour पर भी देखा जा सकता है।

निर्धारित अवधि तक प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को **दिनांक–15.12.2025 के अप० 03:00 बजे** सचिव, श्रम संसाधन विभाग –सह– महानिदेशक, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के कार्यालय कक्ष में निविदा मूल्यांकन समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदादाता / अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

*(क) निविदा की सामान्य शर्तें:–*

1. मल्टी जिम एवं ओपेन जिम हेतु आपूर्ति किये जाने वाले उपकरणों की सूची क्रमशः परिशिष्ट–01 एवं परिशिष्ट–02 में दर्ज है।
2. निविदादाता दोनों प्रकार के जिम अर्थात मल्टी जिम / ओपेन जिम में से किसी एक प्रकार अथवा दोनों प्रकार के लिए निविदा समर्पित कर सकतें हैं।

3. चयनित निविदादाताओं द्वारा अपने चयन से संबंधित सूची में दिए गये सभी उपकरणों की आपूर्ति किया जाना अनिवार्य है।

4. निविदादाता को अपने प्रतिष्ठान की विशिष्टितायें/पहचान सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा तथा फिर दोनों को एक तीसरे बड़े लिफाफे में डालकर मुहरबंद कर जमा करना होगा, जिस पर **"मल्टी जिम एवं ओपेन जिम हेतु उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निविदा"** एवं संस्था का नाम, मोबाईल नंबर, ईमेल आईडी अंकित करना होगा।

5. जो निविदा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् कार्यालय में प्राप्त होगी, उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं इसकी जिम्मेदारी इस कार्यालय की नहीं होगी। निर्धारित अवधि के बाद में कागजात जमा करने संबंधी किसी प्रकार का कोई अनुरोध/दावा मान्य नहीं होगा।

6. निविदा प्राप्ति के लिए निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से यथा फैक्स, ई–मेल आदि से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

7. निविदादाता को निविदा के साथ संलग्न सभी कागजातो को indexing एवं paging करने के साथ–साथ सभी कागजातो को स्वअभिप्रमाणित करना अनिवार्य होगा।

8. निविदा में संलग्न कागजात गलत पाये जाने पर काली सूची में दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

9. सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोला जायेगा। निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा निविदादाता (निर्माता कम्पनी/ वितरणकर्ता) के द्वारा जमा किये गये बुकलेट /catalogue एवं वांछित कागजातों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा में यदि सभी वांछित कागजात निविदा शर्तों के अनुरूप पाया जाएगा, तब ही संबंधित निर्माता कम्पनी/वितरणकर्ता की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

10. मल्टी जिम हेतु L1 के आधार पर चयनित निविदादाता को उपरोक्त वर्णित दोनों स्थलों पर उपकरणों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन करना अनिवार्य होगा।

11. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अन्दर निविदा एवं कार्यादेश के शर्तों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामाग्रियों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन करना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में कार्यादेश रद्द करते हुए अग्रधन की राशि जब्त कर काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

12. ससमय सामग्री आपूर्ति करने की तथा आपूर्ति किये गये सामग्री का मानक, गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी निविदादाता की होगी। सामग्रियों के अधिष्ठापन /यातायात के क्रम में उपकरणों की टूट–फूट होने की स्थिति में निविदादाता स्वंय जिम्मेवार होंगे। टूटे हुए उपकरणों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. चयनित निर्माता कम्पनी/वितरणकर्ता द्वारा जिम/उपकरण को कार्य स्थल तक पहुँचाना होगा तथा जिम /उपकरण को अधिष्ठापित करना होगा। मार्ग व्यय /परिवहन व्यय तथा अधिष्ठापन के लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगा।

14. निविदादाता को इस आशय का शपथ–पत्र मूल रूप में देना होगा कि विभागीय निदेश के आलोक में मल्टी जिम एवं ओपेन जिम उपकरणों की आपूर्ति के पश्चात 03 वर्ष तक मरम्मति (अनुरक्षण) का कार्य सम्पादित करेंगे। इन 03 वर्षों तक उपलब्ध कराये गये उपकरणों की वारंटी की जिम्मेदारी भी चयनित निविदाता की ही होगी।

15. सभी जिम के अधिष्ठापन स्थल पर **"खेल विभाग, बिहार के सौजन्य से"** संबंधित बोर्ड निश्चित रूप से लगा होना चाहिए।

16. आपूर्त्ति की जाने वाली सभी उपकरण Weather & Rust Proof तथा उच्च कोटि का होना चाहिए। साथ ही सभी उपकरणों का ISI mark certified होना अनिवार्य है।

17. संबंधित निविदादाता को आपूर्ति किये गये समाग्रियों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् नियमानुकूल भुगतान किया जायेगा।

18. निविदादाता द्वारा इस निविदा की त्रुटिपूर्ण विवेचना या भलीभांति नहीं समझने की स्थिति में विभाग की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

19. उक्त निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त/रद्द करने का अधिकार सचिव, श्रम संसाधन विभाग –सह– महानिदेशक, दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के पास सुरक्षित होगा।

20. किसी भी विवाद की स्थिति में पटना उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार लागू होगा।

*(ख) तकनीकी निविदा की शर्तें:–*

1. निविदा के साथ Earnest Money Deposit (EMD) के रूप में रू 35,000/– (पैंतीस हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट **प्रति मल्टी जिम** हेतु एवं रू 17,500/– (सत्रह हज़ार पांच सौ) मात्र का बैंक ड्राफ्ट **ओपेन जिम** हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, DMILES, पटना के नाम से देय होगा। असफल निविदादाता का बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।

2. सफल निविदादाताओं द्वारा आपूर्ति कराये गये उपकरणों की 03 वर्षों तक वारंटी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही निविदा उपरांत निर्गत किये जाने वाले कार्यादेश में उक्त उपकरणों का AMC (वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध) समाहित होगा, जिसके Performance Security के रूप में कार्यादेश के कुल मूल्य का 7 % राशि TD/ FD/ BG आदि के रूप में Security Deposit तीन वर्षो तक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, DMILES, पटना के नाम से pledged कर रखना अनिवार्य होगा। उक्त Security Deposit को तीन वर्षों की वारंटी/AMC अवधि की समाप्ति के उपरान्त वापस लौटा दिया जाएगा।

3. निविदादाता (निर्माता कम्पनी/वितरणकर्ता) के विगत दो वित्तीय वर्षों (2023–24 एवं 2024–25) का आयकर रिटर्न की छायाप्रति समर्पित करना होगा।

4. निविदादाता द्वारा जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण–पत्र के साथ जी0एस0टी0 रिटर्न की अद्यतन विवरणी की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5. निविदादाता को वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में निर्माता कम्पनी होने की स्थिति में कम से कम रूपये 10 करोड़ का अथवा वितरणकर्ता होने की स्थिति में कम से कम 40 लाख

का सी०ए० द्वारा ऑडिटेड Turnover certificate with UDIN no. संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6. निविदादाता को पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7. निविदादाता द्वारा Bihar Shops and Establishment Act, 1953 के तहत पंजीकरण/ Certificate of incorporation / Trade license / MSME पंजीकरण संबंधी प्रमाण–पत्र (निविदा प्रारंभ तिथि से पहले जारी) की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8. निविदाकर्ता का बिहार राज्य में एक स्थानीय कार्यालय / सेवा केंद्र होना चाहिए। (निविदा प्रारंभ तिथि से पूर्व जारी प्रासंगिक दस्तावेज प्रमाण प्रस्तुत करें)

9. निविदादाता को जिम सामग्री आपूर्ति के संबंध में केन्द्र / राज्य / PSU के अंतर्गत कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके लिए विगत दो वित्तीय वर्षों के दौरान कम से कम बीस लाख रूपये का कुल कार्यादेश प्राप्त होने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र / work completion certificate की छायाप्रति साक्ष्य के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

10. वित्तीय निविदा में प्रत्येक सामग्री का अलग–अलग मूल्य (राशि) कम्पनी अथवा ब्राण्ड को दर्शाते हुए दर्ज करना होगा। साथ ही निविदाकर्ता को ISO प्रमाणपत्र 9000:2015, 14001:2015 एवं 45001:2018 (निविदा प्रारंभ तिथि से पहले जारी) प्रस्तुत करना होगा।

11. निविदादाता को किसी सरकारी/अर्ध सरकारी या गैर सरकारी संस्था के द्वारा काली सूची (Blacklisted) में दर्ज नहीं होने एवं पूरे भारत वर्ष अन्तर्गत किसी भी सरकारी कार्यालय द्वारा कार्य आवंटित होने के बाद कार्य से असम्बद्ध या हटाया नहीं गया है, के आशय का नोटरी / कार्यपालक दण्डाधिकारी से शपथ पत्र मूल प्रति में निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

12. निविदादाता के वितरणकर्ता होने की स्थिति में उनके द्वारा परिशिष्ट–01 एवं परिशिष्ट–02 में सूचीबद्ध वस्तुओं के लिए OEM (original equipment manufacturer / मूल उपकरण निर्माता) द्वारा उनको जारी किया गया न्यूनतम 1 वर्ष की वैधता वाला ऑथोराइजेशन सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही निविदादाता को उक्त OEM का कारखाना लाइसेंस, उद्योग विभाग द्वारा जारी मैन्युफैक्चरिंग सर्टिफिकेट (जिसमें वस्तुओं का उल्लेख हो), सर्टिफिकेट ऑफ इनकॉरपोरेशन, ट्रेडमार्क प्रमाणपत्र की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। OEM खेलकूद की वस्तुओं का निर्माता होना चाहिए।

13. निविदाकर्ता को अपने लेटरहेड पर उपकरणों के विशिष्टियों का पूर्ण विवरण सत्यापित कर प्रस्तुत करना तथा OEM का विस्तृत रंगीन brochure भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

14. निविदादाता निर्माता कम्पनी / OEM को निविदा जारी होने की तिथि को कम–से–कम 10 वर्षों से फर्म / कंपनी के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।

*(ग) वित्तीय निविदा की शर्तें:–*

1. तकनीकी रूप से सफल पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

2. निविदादाता द्वारा वित्तीय निविदा में एक प्रकार के जिम के लिए सूची में दिये गये सभी उपकरणों के विरूद्ध राशि अंकित करना अनिवार्य होगा। अन्यथा वित्तीय निविदा सीधे तौर पर अस्वीकार कर दी जायेगी।

3. निविदादाता को विशिष्टियों के अनुरूप आपूर्ति एवं अधिष्ठापन सहित प्रति इकाई पर सभी कर सहित मूल्य अंकित करना अनिवार्य होगा। उद्धृत दर में किसी भी प्रकार की कटौती या जोड़–तोड़ स्वीकार्य नहीं होगी।

4. वित्तीय निविदा के सभी उपकरणों के मूल्यों को मिलाकर कुल वित्तीय बोली निकाली जायेगी और जिस निविदादाता की कुल वित्तीय बोली न्यूनतम होगी उसे सफल निविदादाता घोषित किया जायेगा और कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

5. दोनों प्रकार के जिम (मल्टी जिम/ओपेन जिम) के लिए अलग– अलग L1 का निर्धारण किया जायेगा। एक प्रकार के जिम हेतु L1 का निर्धारण उस प्रकार के जिम हेतु प्राप्त निविदाओं में से सबसे न्यूनतम दर के कुल वित्तीय बोली के आधार पर किया जायेगा।

6. निविदादाता द्वारा समर्पित दर किसी भी स्थिति में M.R.P. से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस आशय का घोषणा–पत्र निविदादाता द्वारा समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

7. अनुशंसित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति हेतु किसी भी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।

8. यदि कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा नहीं होता है, तो प्रतिदिन रु. 500/– का जुर्माना लगाया जाएगा। विलम्ब के लिए प्रतिदिन 500/– की कटौती की जाएगी और यदि एक सप्ताह के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होता है तथा अनुशंसित निविदाकार अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं करता है, तो अग्रिम राशि जब्त कर ली जाएगी और जब्त राशि सरकारी खजाने में जमा कर दी जाएगी।

9. उपलब्ध कराये गये उपकरणों की गारंटी अवधि कम से कम 03 वर्ष की होगी। इस 03 वर्ष की अवधि में निविदादाता को सामानों के सुचारू रूप से कार्य करने हेतु उनके अवयवों को replace / maintenance हेतु अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।

10. निविदादाता द्वारा आपूर्ति किये गये सामग्री की जाँच, एक कमिटि के द्वारा की जायेगी तथा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद ही राशि का भुगतान सरकार द्वारा निर्धारित अनुमान्य करों (GST/आयकर आदि) की कटौती करते हुए की जाएगी।

11. बिहार वित्त नियमावली में निहित प्रावधानों के अंतर्गत ही निविदा की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

27/11/2025

श्रमायुक्त, बिहार
–सह–
निदेशक,
दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन
अध्ययन संस्थान, पटना।

परिशिष्ट–01

# मल्टी जिम हेतु उपकरणों की सूची

| क्र0 सं0 | उपकरण का नाम | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | 5 Station jungle gym with cable crossover | Leg Extension, Leg Press, Leg raise, Deep chin, Lat pull down, Arm curl, Pec fly/rear delt, Multi press; L×W×H: 300×218×210 cm, Durable Power coated finish multi station gym with 2 weight stacks of 100 kgs each comes with plate loaded deep squat attachment; Material - Heavy duty steel construction, build with commercial grade steel |
| 2 | Leg Press (Individual Station) | Max weight = 300 kg, L×W×H: 230×130×155 cm, Material - Steel iron and foam for comfort and durability |
| 3 | Bench Press Bench (Individual set station with inclined & declined adjustment) | Olympic Weight Bench Flat/Incline/Decline Seat Adjustment Padded roller and Seat for maximum comfort, Max user weight = 150 kgs; Material - Alloy steel or stainless steel |
| 4 | Weight lifting Olympic set (One set) | 20 kg Barbell with rubber coated 190 kg plate set; Material - Steel barbell and weight plates made of cast iron, rubber or urethane |
| 5 | Dumbbell Set 6 Sets (Rubber Coated) | 2.5, 5, 7.5, 10, 12.5, 15 Kg (Premium rubber coated); Material - Cast iron with rubber coated dumbbell head |
| 6 | Sit up and Hyper Extension board | L×W×H: 134×94.7×76.5 cm; Material - Steel for the frame and vinyl or foam padding for comfort |
| 7 | Wall Bar and Leg raises set (One set) | Pull Up Gym Bar Adjustable 74-98 cm; Upper Body Exercise Equipment; Home Gym Bar; Comfortable Hand - Grip (Cushion Grip); Material - Mild steel or alloy steel; Dimensions 30 x 20 x 10 cm; Handle Type-Fixed, Olympic Model |
| 8 | Sitting Rowing (One Set) | All generated 10 levels resistance; User Weight: 160 kg; L×W×H: 241×62×111 cm; Material - Alloy steel for the frame and foam padding for the seat, other materials include rubber for grips and nylon for pulleys; |
| 9 | Squat Stand, Adjustable (One Set) | L×W×H: 245×150×185 cm; User Weight: 200kgs Material – Steel, iron and aluminium |
| 10 | Chin up Bar Stand (One Set) | User Weight: 150kgs |
| 11 | Leg Curling and Leg Extension Station | User Weight: 150kgs; Material - Mild steel or alloy steel |

# ओपेन जिम हेतु उपकरणों की सूची

| क्र0सं0 | उपकरण का नाम | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Seated Chest Press Double | Main pipe -114mm, Thickness - 3mm, Base plate - 200 mm, Thickness - 10 mm, Powder Coating; Max user weight = 150 kgs |
| 2 | Chest Cum Scatted Puller | – do- |
| 3 | Parallel Bar and Leg Raiser Stand | – do- |
| 4 | Double Leg Press | – do- |
| 5 | Triple Seated and Standing Twister set | – do- |
| 6 | Horizontal chin up Bar | – do- |
| 7 | Art Rotation Ring Stand | – do- |
| 8 | Multipurpose Monkey Climber | – do- |
| 9 | Cycling Stand | – do- |
| 10 | Double Seated Puller | – do- |
| 11 | Knee and Hip Raiser | – do- |
| 12 | Front/Back Press Stand with Weight | – do- |
| 13 | Cross Walker/Trainer | – do- |
| 14 | Sit up Board Double | – do- |